इस प्रश्न–पत्र में **29** प्रश्न [खण्ड 'क' (**21**) + खण्ड 'ख' (4) + खण्ड 'ग' (4)] तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं.** **65/ASS/3**

**SET/सेट** **A**

# HINDI
# हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

**1.** ____________________

**2.** ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न –पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र का कोड नं. **65/ASS/3, सेट–A** लिखें।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश :**

**(i)** इस प्रश्न–पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

**(ii)** खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।

**(iii)** खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

**(iv)** खण्ड 'क' **85** अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **15** अंकों का है।

## खण्ड – 'क'

**1** (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

सखी म्हारी नींद नसाणी हो।
पिय रो पंथ निहारत सब रैण विहाणी हो। टेक॥
सखियन सब मिल सीख दयाँ मण एक णा मानी हो।
बिन देख्याँ कल ना पड़ाँ मण रोस णा ठानी हो।
अंग खीण व्याकुल भयाँ मुख पिय पिय बाणी हो।
अंतर वेदन बिरह री म्हारी पीड़ णा जाणी हो।
ज्यूँ चातक घणकूँ रटै, मछरी ज्यूँ पाणी हो।
मीरा व्याकुल बिरहणी, सुध बुध बिसराणी हो॥

**अथवा**

वह तोड़ती पत्थर,
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर –
वह तोड़ती पत्थर।
कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन प्रिय, कर्म–रत मन
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार–बार प्रहार–
सामने तरु–मल्लिका अट्टालिका, प्राकार।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

सपनेहुँ दोस कलेसु न काहू।
मोर अभाग उदधि अवगाहू।
बिनु समझें निज अघ परिपाकू।
जारिउँ जायँ जननि कहि काकू।
हृदय हेरि हारेउँ सब ओरा।
एकहि भाँति भलेहिं भल मोरा।
गुरु गोसाईं साहिब सिय रामू।
लागत मोहि नीक परिनामू।

2 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए : 2+2=4

(क) रहीम के दोहे के आधार पर लिखिए कि कैसे लोगों का जीवन धन्य है? क्यों?

(ख) 'मैं नीर भरी दुख की बदली' कविता में व्यंजित दो भिन्न अर्थों को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'परशुराम का उपदेश' कविता के आधार पर लिखिए कि संसार में पराधीनता का भार किसे वहन करना पड़ता है।

3 'कठपुतली' कविता **अथवा** 'रैदास के पद जिह कूल साधू बैसनौ होइ' का केंद्रीय भाव **30-40** शब्दों में स्पष्ट कीजिए। 2

4 संत काव्य की विशेषताएँ लिखिए। 2

5 निम्नलिखित पंक्तियों में निहित रस और छंद लिखिए : 2

धोय–धोय हारी, 'पद्माकर' तिहारी सौह,
अब तौ उपाय एक चित्त में चढ़ै नहीं।

6 (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

नाम इसलिए बड़ा नहीं है कि वह नाम है। वह इसलिए बड़ा होता है कि उसे सामाजिक स्वीकृति मिली होती है। रूप व्यक्ति–सत्य है, नाम समाज–सत्य है। नाम उस पद को कहते हैं, जिस पर समाज की मुहर लगी होती है, आधुनिक शिक्षित लोग जिसे 'सोशल सैक्शन' कहा करते हैं। मेरा मन नाम के लिए व्याकुल है, समाज द्वारा स्वीकृत, इतिहास द्वारा प्रमाणित, समष्टि – मानव की चित्त – गंगा में स्नात।

**अथवा**

सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है। यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिरनिवृत्ति का उपाय ही न कर सके। कोई मनुष्य किसी दुष्ट के नित्य दो–चार प्रहार सहता है। यदि उसमें क्रोध का विकास नहीं हुआ है तो वह केवल आह–उह करेगा जिसका उस दुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं। उस दुष्ट के हृदय में विवेक, दया आदि उत्पन्न करने में बहुत समय लगेगा। संसार किसी को इतना समय ऐसे छोटे–छोटे कामों के लिए नहीं दे सकता।

(ख) पठित पाठ के आधार पर कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' **अथवा** राजेन्द्र यादव की भाषा तथा शैलीगत विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। 2



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

7 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) 'एक था पेड़ और एक ठूँठ' निबंध में लेखक ने रावण और हिरण्यकश्यप जैसे पौराणिक पात्रों का उदाहरण क्यों दिया है?

(ख) पति की मृत्यु के बाद नहर पर स्नान के लिए जाती अनुराधा को प्रकृति कैसी लग रही थी?

(ग) वयोवृद्ध व्यक्तियों को मंदिर में स्थापित किए जाने के पीछे छिपे व्यंग्य को 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

8 'सड़क का आदमी' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए कि राघव सरकार दृढ़ संकल्प वाले व्यक्ति थे। **2**

9 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-50** शब्दों में दीजिए : **3+3=6**

(क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास में सिर्फ प्राकृतिक परिवेश का ही अंकन नहीं बल्कि वहाँ की संस्कृति, लोकतत्व और विश्वास का भी सजीव चित्र है। सिद्ध कीजिए।

(ख) दलीप नगर का राज्य प्राप्त करने के लिए छोटी रानी ने क्या–क्या षड्यंत्र किए?

(ग) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के आधार पर देवी सिंह का चरित्र–चित्रण लिखिए।

10 कुमुद ने बेतवा नदी में छलाँग क्यों लगाई? **1**

11 दलीप नगर और कालपी के बीच मतभेद की शुरुआत कब हुई? **1**

12 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दुविधा हत साहस है, दिखता है पंथ नहीं,
देह सुखी हो पर मन के दुख का अंत नहीं।
दुख है न चाँद खिला शरद–रात आने पर,
क्या हुआ जो खिला फूल रस–वसंत जाने पर?
जो न मिला भूल उसे कर तू भविष्य वरण
छाया मत छूना
मन होगा दुख दूना।
यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया
प्रभुता का शरण बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन
छाया मत छूना
मन होगा दुख दूना।

(1) 'दुविधा हत साहस' से क्या अभिप्राय है? **1**

(2) 'क्या हुआ जो खिला फूल रस–वसंत जाने पर' पंक्ति का क्या भाव है? **1**

(3) जीवन में कवि क्या पाने के लिए दौड़ता फिरा? **1**

(4) काव्यांश में क्या संदेश दिया गया है? **1**

(5) काव्यांश में प्रभुता को क्या बताया गया है और क्यों? **1**



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**13** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6+5=11**

हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी होती है, लोकतत्व का अभाव। वे जिंदगी से दूर होती हैं। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरीफ़ाई किया जाता है। दुख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके। और 'तीसरी कसम' की खास बात यह थी कि वह दुख को भी सहज स्थिति में, जीवन–सापेक्ष प्रस्तुत करती है। शैलेंद्र सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए भी यश और धन–लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी जिंदगी में थी वही उनके गीतों में थी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

(i) हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी क्या है?

(ii) फ़िल्मों में दुखद स्थितियों को भी ग्लोरीफ़ाई क्यों किया जाता है?

(iii) तीसरी कसम फिल्म की प्रमुख बात क्या थी?

(iv) शैलेंद्र के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता क्या थी?

(v) शैलेंद्र के गीतों की क्या विशेषता थी?

(vi) 'व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।' आशय स्पष्ट करें।

(vii) उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए –
- प्रक्रिया
- पराजित

(viii) विलोम शब्द लिखिए –
- पराजित
- सापेक्ष

(ix) वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन–लिप्सा से कोसों दूर थे। (संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए।)

(x) उपर्युक्त गद्यांश से दो तत्सम शब्द छाँटकर लिखिए।

(xi) 'चित्रांकन' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।

**14** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए – **1**
राम मोहन सोहन और श्याम बाजार गए

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए – **1**
(i) नेताजी के गले में एक गुलाब की माला पहनाई गई।
(ii) शिक्षक ने उसकी खूब प्रशंसा करी।

(ग) निम्नलिखित का शुद्ध रूप लिखिए – **1**
उज्जवल, निर्गुण

(घ) अर्थ की दृष्टि से वाक्य–भेद लिखें – **1**
अच्छी वर्षा से अच्छी फसल होगी।

(ङ) निम्नलिखित को कर्तृवाच्य में बदलिए – **1**
बालक से पतंग उड़ाई जाती है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

15 प्रतिवेदन लिखने के कारणों को स्पष्ट कीजिए तथा होली के अवसर पर साहित्यिक संस्था 'परिमल' द्वारा आपके क्षेत्र में आयोजित कवि सम्मेलन पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 4

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश का एक–तिहाई शब्दों में सार लिखिए तथा उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए :

केक, बिस्कुट और चिप्स आदि अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड ज्यादा खाना दिमाग की ताकत पर असर डालता है। यह डिकेंशिया (भूलने की बीमारी) का खतरा भी बढ़ा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह सबसे नुकसानदायक नाशता जो संज्ञात्मक क्षमता पर असर डालता है। मध्य आयुवर्ग के वयस्कों पर हुए अध्ययन के अनुसार जिनके आहार का तीन चौथाई हिस्सा अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड से युक्त होता है, उनका दिमाग दूसरों की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक तेजी से घटता है। हमारा शरीर दर्द व सूजन में खास भूमिका निभाने वाला एक प्रोटीन साइटोकिंस बनाता है। यह सब तेजी से बनता है, जब हम ज्यादा मात्रा में मीठी चीजें खाते हैं। केक, बिस्कुट व पेस्ट्री आदि अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड में दूसरे खाने की तुलना में ज्यादा चीनी, नमक व वसा होती है। पश्चिमी आहार पैटर्न पर आधारित यह भोजन–शैली संज्ञात्मक क्षमता प्रभावित करने वाले कारकों में कमी लाती है।

16 निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों का निबंध लिखिए : 8

- और भी खेल हैं क्रिकेट के सिवाय
- नगरों में बढ़ती प्रदूषण की समस्या
- परिश्रम का कोई विकल्प नहीं
- यात्रा जो भुलाये नहीं भूलती

17 निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव पल्लवन कीजिए : 3

(i) परहित सरिस धर्म नहीं भाई

(ii) आवश्यकता आविष्कार की जननी है

18 सरकारी कार्यालयों में फाइलों पर टिप्पण लिखने की क्या पद्धति है? 3

**अथवा**

लोक निर्माण विभाग, प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव की ओर से एक परिपत्र तैयार कीजिए जिसमें प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाए जाने संबंधी निर्देश दिया गया हो।

19 निम्नलिखित घटना को आधार बनाकर शहर में बढ़ती लूटपाट और ठगी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सहायक आयुक्त पुलिस क.ख.ग. नगर को कार्यालयी पत्र लिखिए। 4

क.ख.ग. नगर के पूर्वी इलाके में एक बदमाश ने जादुई शक्ति से आभूषण दोगुना करने का झांसा देकर एक बुजुर्ग महिला से गहने ठग लिए । आरोपी ने विश्वास दिलाने के लिए पीड़िता को सिक्योरिटी मनी के रूप में नोटो की गड्डी दी। जाँच करने पर थैली के अंदर नोटों की गड्डी के बजाय कागज की रद्दी निकली। पीड़िता 71 वर्षीय निर्मला देवी सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर कुछ काम कर रही थीं तभी एक व्यक्ति आया, उसने कहा कि वह जादुई शक्ति से आभूषणों को दोगुना कर देता है और महिला को ठग लिया।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**20** निम्नलिखित तालिका में भारत में महिला साक्षरता दर प्रतिशत में दी गई इसे दंड चित्र द्वारा प्रदर्शित कीजिए साथ ही नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **4**

| वर्ष | 1961 | 1971 | 1981 | 1991 |
|---|---|---|---|---|
| साक्षरता प्रतिशत | 15 | 22 | 30 | 39 |

(i) महिलाओं की साक्षरता प्रतिशत किस वर्ष सर्वाधिक है?

(ii) 1981 से 1991 के बीच महिलाओं की साक्षरता कितने प्रतिशत बढ़ी है?

**21** 'जब अचानक नदी में आई बाढ़ में मैं फँस गया/गई।' इस विषय पर आधारित अपने अनुभव को लगभग चालीस शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए। **2**

## खण्ड – 'ख'

## (सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी)

**22** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) नेशनल प्रेस ऑफ इंडिया

(ii) दैनिक

(iii) प्रसारण

**23** (क) वार्ता से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। **2**

(ख) संचार माध्यमों के किन्हीं दो उद्देश्यों को लिखिए। **2**

**24** कम्प्यूटर के आने से समाचार संपादन के क्षेत्र में क्या–क्या परिवर्तन आए हैं? **4**

**अथवा**

संचार के क्षेत्र में निजी कंपनियों के प्रवेश से क्रांति सी आ गई है, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सूचना प्रौद्योगिकी का शिक्षा के प्रचार–प्रसार में क्या योगदान है?

**25** (क) ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी से उपभोक्ताओं को सावधान करने हेतु रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसमें किसी दूसरे व्यक्ति को अपने खाते संबंधी जानकारी तथा मोबाइल पर आने वाले ओ.टी.पी. की जानकारी न देने का निर्देश दिया गया हो। **3**

(ख) भारतीय सैनिकों ने तवांग क्षेत्र में चीनी सैनिकों को करारा जवाब दिया। इस विवरण पर आधारित किसी दैनिक हिंदी समाचार–पत्र के लिए एक समाचार तैयार कीजिए। **3**



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

## खण्ड – 'ग'

## (विज्ञान की भाषा – हिन्दी)

22 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) क्षेत्रफल

(ii) शून्य जनसंख्या–वृद्धि

(iii) अल्ट कुंजी

23 (क) वैज्ञानिक दृष्टि की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

(ख) खगोल विज्ञान के क्षेत्र में आर्यभट्ट के योगदान का वर्णन कीजिए। 2

24 (क) इंटरनेट की उपयोगिता को देखते हुए कंप्यूटर के लिए हिंदी भाषा में क्या प्रगति हुई है? 3

(ख) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना किसके द्वारा कब और क्यों की गई? 3

25 जनसंख्या पर नियंत्रण करना क्यों आवश्यक है? 4

**अथवा**

बढ़ती जनसंख्या द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है। स्पष्ट कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

इस प्रश्न–पत्र में **29** प्रश्न [खण्ड 'क' (**21**) + खण्ड 'ख' (4) + खण्ड 'ग' (4)] तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं.** **65/ASS/3**

**SET/सेट** **B**

# HINDI
# हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ______________________

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) **1.** ______________________

**2.** ______________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र का कोड नं. **65/ASS/3, सेट–B** लिखें।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश :**

**(i)** इस प्रश्न–पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

**(ii)** खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।

**(iii)** खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

**(iv)** खण्ड 'क' **85** अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **15** अंकों का है।

## खण्ड – 'क'

**1** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) 'आत्मसम्मान रहित जीवन व्यर्थ है।' रहीम द्वारा रचित सोरठा के संदर्भ में इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो' पंक्ति का क्या आशय है?

(ग) 'मैं नीर भरी दुख की बदली' कविता के आधार पर लिखिए कि 'बदली' के बरसने का मिट्टी पर क्या प्रभाव निकला?

**2** (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

सखी म्हारी नींद नसाणी हो।
पिय रो पंथ निहारत सब रैण विहाणी हो। टेक॥
सखियन सब मिल सीख दयाँ मण एक णा मानी हो।
बिन देख्याँ कल ना पड़ाँ मण रोस णा ठानी हो।
अंग खीण व्याकुल भयाँ मुख पिय पिय बाणी हो।
अंतर वेदन बिरह री म्हारी पीड़ णा जाणी हो।
ज्यूँ चातक घणकूँ रटै, मछरी ज्यूँ पाणी हो।
मीरा व्याकुल बिरहणी, सुध बुध बिसराणी हो॥

**अथवा**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

वह तोड़ती पत्थर,
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर –
वह तोड़ती पत्थर।
कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन प्रिय, कर्म–रत मन
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार–बार प्रहार–
सामने तरु–मल्लिका अट्टालिका, प्राकार।

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : **2**

सपनेहुँ दोस कलेसु न काहू।
मोर अभाग उदधि अवगाहू।
बिनु समझें निज अघ परिपाकू।
जारिउँ जायँ जननि कहि काकू।
हृदय हेरि हारेउँ सब ओरा।
एकहि भाँति भलेहिं भल मोरा।
गुरु गोसाईं साहिब सिय रामू।
लागत मोहि नीक परिनामू।

3 'कठपुतली' कविता **अथवा** 'रैदास के पद जिह कूल साधू बैसनौ होइ' का केंद्रीय भाव **30-40** शब्दों में स्पष्ट कीजिए। **2**

4 निम्नलिखित पंक्तियों में निहित छंद और अलंकार लिखिए : **2**

कनक कनक तैं सौगुनी, मादकता अधिकाय।
वा खाएँ बौरात है, या पाएँ बौराय॥

5 संत काव्य की विशेषताएँ लिखिए। **2**

6 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) 'एक था पेड़ और एक ठूँठ' निबंध में लेखक ने हिटलर और स्टॉलिन जैसे पात्रों का उदाहरण क्यों दिया है?

(ख) अनुराधा कहानी के संदर्भ में लिखिए कि माँ होते हुए भी पुत्र के निकट जाने में कतराती माँ द्वारा अनुराधा को पत्नी धर्म के पालन की शिक्षा देना आपकी दृष्टि में कहाँ तक उचित है?

(ग) 'आखिरी चट्टान' पाठ के आधार पर सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों का वर्णन कीजिए।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

7 (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

नाम इसलिए बड़ा नहीं है कि वह नाम है। वह इसलिए बड़ा होता है कि उसे सामाजिक स्वीकृति मिली होती है। रूप व्यक्ति–सत्य है, नाम समाज–सत्य है। नाम उस पद को कहते हैं, जिस पर समाज की मुहर लगी होती है, आधुनिक शिक्षित लोग जिसे 'सोशल सैक्शन' कहा करते हैं। मेरा मन नाम के लिए व्याकुल है, समाज द्वारा स्वीकृत, इतिहास द्वारा प्रमाणित, समष्टि – मानव की चित्त – गंगा में स्नात।

**अथवा**

सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है। यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिरनिवृत्ति का उपाय ही न कर सके। कोई मनुष्य किसी दुष्ट के नित्य दो–चार प्रहार सहता है। यदि उसमें क्रोध का विकास नहीं हुआ है तो वह केवल आह–उह करेगा जिसका उस दुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं। उस दुष्ट के हृदय में विवेक, दया आदि उत्पन्न करने में बहुत समय लगेगा। संसार किसी को इतना समय ऐसे छोटे–छोटे कामों के लिए नहीं दे सकता।

(ख) पठित पाठ के आधार पर कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' **अथवा** राजेन्द्र यादव की भाषा तथा शैलीगत विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। 2

8 'सड़क का आदमी' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए कि राघव सरकार दृढ़ संकल्प वाले व्यक्ति थे। 2

9 नायक सिंह ने देवी सिंह को दलीप नगर की राजगद्दी क्यों सौंपी होगी? 1

10 अलीमर्दान ने छोटी रानी का साथ क्यों दिया? 1

11 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-50** शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास में सिर्फ प्राकृतिक परिवेश का ही अंकन नहीं बल्कि वहाँ की संस्कृति, लोकतत्व और विश्वास का भी सजीव चित्र है। सिद्ध कीजिए।

(ख) दलीप नगर का राज्य प्राप्त करने के लिए छोटी रानी ने क्या–क्या षड्यंत्र किए?

(ग) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के आधार पर देवी सिंह का चरित्र–चित्रण लिखिए।

12 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दुविधा हत साहस है, दिखता है पंथ नहीं,
देह सुखी हो पर मन के दुख का अंत नहीं।
दुख है न चाँद खिला शरद–रात आने पर,
क्या हुआ जो खिला फूल रस–वसंत जाने पर?
जो न मिला भूल उसे कर तू भविष्य वरण
छाया मत छूना
मन होगा दुख दूना।
यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया
प्रभुता का शरण बिंब केवल मृगतृष्णा है,



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन
छाया मत छूना
मन होगा दुख दूना।

(1) 'दुविधा हत साहस' से क्या अभिप्राय है? 1

(2) 'क्या हुआ जो खिला फूल रस–वसंत जाने पर' पंक्ति का क्या भाव है? 1

(3) जीवन में कवि क्या पाने के लिए दौड़ता फिरा? 1

(4) काव्यांश में क्या संदेश दिया गया है? 1

(5) काव्यांश में प्रभुता को क्या बताया गया है और क्यों? 1

**13** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6+5=11**

हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी होती है, लोकतत्व का अभाव। वे जिंदगी से दूर होती हैं। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरीफ़ाई किया जाता है। दुख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके। और 'तीसरी कसम' की खास बात यह थी कि वह दुख को भी सहज स्थिति में, जीवन–सापेक्ष प्रस्तुत करती है। शैलेंद्र सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए भी यश और धन–लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी जिंदगी में थी वही उनके गीतों में थी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

(i) हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी क्या है?

(ii) फ़िल्मों में दुखद स्थितियों को भी ग्लोरीफ़ाई क्यों किया जाता है?

(iii) तीसरी कसम फिल्म की प्रमुख बात क्या थी?

(iv) शैलेंद्र के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता क्या थी?

(v) शैलेंद्र के गीतों की क्या विशेषता थी?

(vi) 'व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।' आशय स्पष्ट करें।

(vii) उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए –
- प्रक्रिया
- पराजित

(viii) विलोम शब्द लिखिए –
- पराजित
- सापेक्ष

(ix) वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन–लिप्सा से कोसों दूर थे। (संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए।)

(x) उपर्युक्त गद्यांश से दो तत्सम शब्द छाँटकर लिखिए।

(xi) 'चित्रांकन' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

14 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए। **1**

कुमुद ने पूछा क्या दुल्हे का कुशल-समाचार मिला

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए। **1**

(i) साफ पीने का पानी मिलने लगा है।

(ii) बीजों के अनेकों प्रकार आ गए हैं।

(ग) निम्नलिखित का शुद्ध रूप लिखिए – **1**

समाजिक, ग्रहयुद्ध

(घ) अर्थ की दृष्टि से वाक्य–भेद लिखिए – **1**

ईश्वर तुम्हारी यात्रा सफल करे।

(ङ) निम्नलिखित वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए – **1**

राम से पुस्तक पढ़ी जाती है।

15 निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों का निबंध लिखिए : **8**

- और भी खेल हैं क्रिकेट के सिवाय
- नगरों में बढ़ती प्रदूषण की समस्या
- परिश्रम का कोई विकल्प नहीं
- यात्रा जो भुलाये नहीं भूलती

16 प्रतिवेदन लिखने के कारणों को स्पष्ट कीजिए तथा होली के अवसर पर साहित्यिक संस्था 'परिमल' द्वारा आपके क्षेत्र में आयोजित कवि सम्मेलन पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश का एक–तिहाई शब्दों में सार लिखिए तथा उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए :

केक, बिस्कुट और चिप्स आदि अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड ज्यादा खाना दिमाग की ताकत पर असर डालता है। यह डिकेंशिया (भूलने की बीमारी) का खतरा भी बढ़ा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह सबसे नुकसानदायक नाशता जो संज्ञात्मक क्षमता पर असर डालता है। मध्य आयुवर्ग के वयस्कों पर हुए अध्ययन के अनुसार जिनके आहार का तीन चौथाई हिस्सा अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड से युक्त होता है, उनका दिमाग दूसरों की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक तेजी से घटता है। हमारा शरीर दर्द व सूजन में खास भूमिका निभाने वाला एक प्रोटीन साइटोकिंस बनाता है। यह सब तेजी से बनता है, जब हम ज्यादा मात्रा में मीठी चीजें खाते हैं। केक, बिस्कुट व पेस्ट्री आदि अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड में दूसरे खाने की तुलना में ज्यादा चीनी, नमक व वसा होती है। पश्चिमी आहार पैटर्न पर आधारित यह भोजन–शैली संज्ञात्मक क्षमता प्रभावित करने वाले कारकों में कमी लाती है।

17 निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव पल्लवन कीजिए : **3**

(i) मधुर वचन है औषधि, कटुक वचन है तीर

(ii) आगे कुआँ पीछे खाई



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

18 निम्नलिखित घटना को आधार बनाकर शहर में बढ़ती लूटपाट और ठगी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सहायक आयुक्त पुलिस क.ख.ग. नगर को कार्यालयी पत्र लिखिए। 4

क.ख.ग. नगर के पूर्वी इलाके में एक बदमाश ने जादुई शक्ति से आभूषण दोगुना करने का झांसा देकर एक बुजुर्ग महिला से गहने ठग लिए । आरोपी ने विश्वास दिलाने के लिए पीड़िता को सिक्योरिटी मनी के रूप में नोटो की गड्डी दी। जाँच करने पर थैली के अंदर नोटों की गड्डी के बजाय कागज की रद्दी निकली। पीड़िता 71 वर्षीय निर्मला देवी सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर कुछ काम कर रही थीं तभी एक व्यक्ति आया, उसने कहा कि वह जादुई शक्ति से आभूषणों को दोगुना कर देता है और महिला को ठग लिया।

19 सरकारी कार्यालयों में फाइलों पर टिप्पण लिखने की क्या पद्धति है? 3

**अथवा**

लोक निर्माण विभाग, प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव की ओर से एक परिपत्र तैयार कीजिए जिसमें प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाए जाने संबंधी निर्देश दिया गया हो।

20 एक पत्रिका के सर्वेक्षण के अनुसार युवाओं में लोकप्रिय खेलों के नाम और उनका प्रतिशत इस प्रकार है। इन्हें दंड आरेख में प्रदर्शित कीजिए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 4

| खेलों के नाम | क्रिकेट | बैडमिंटन | हॉकी | फुटबॉल |
|---|---|---|---|---|
| रुचि का प्रतिशत | 60 | 20 | 10 | 10 |

(i) युवाओं का सर्वाधिक पसंदीदा खेल कौन–सा है?

(ii) कौन–से खेल युवाओं द्वारा समान रूप से पसंद किए जाते हैं?

21 'जब अचानक नदी में आई बाढ़ में मैं फँस गया/गई।' इस विषय पर आधारित अपने अनुभव को लगभग चालीस शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए। 2

## खण्ड – 'ख'
## (सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी)

22 निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) सुराग

(ii) विज्ञापन – प्रति

(iii) सामयिकी

23 (क) ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी से उपभोक्ताओं को सावधान करने हेतु रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसमें किसी दूसरे व्यक्ति को अपने खाते संबंधी जानकारी तथा मोबाइल पर आने वाले ओ.टी.पी. की जानकारी न देने का निर्देश दिया गया हो। 3

(ख) भारतीय सैनिकों ने तवांग क्षेत्र में चीनी सैनिकों को करारा जवाब दिया। इस विवरण पर आधारित किसी दैनिक हिंदी समाचार–पत्र के लिए एक समाचार तैयार कीजिए। 3



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

24 (क) वार्ता से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) संचार माध्यमों के किन्हीं दो उद्देश्यों को लिखिए। 2

25 कम्प्यूटर के आने से समाचार संपादन के क्षेत्र में क्या–क्या परिवर्तन आए हैं? 4

**अथवा**

संचार के क्षेत्र में निजी कंपनियों के प्रवेश से क्रांति सी आ गई है, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सूचना प्रौद्योगिकी का शिक्षा के प्रचार–प्रसार में क्या योगदान है?

**खण्ड – 'ग'**

**(विज्ञान की भाषा – हिन्दी)**

22 निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) डिस्क

(ii) क्रिस्टल

(iii) उभयलिंगी

23 (क) इंटरनेट की उपयोगिता को देखते हुए कंप्यूटर के लिए हिंदी भाषा में क्या प्रगति हुई है? 3

(ख) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना किसके द्वारा कब और क्यों की गई? 3

24 (क) वैज्ञानिक दृष्टि की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

(ख) खगोल विज्ञान के क्षेत्र में आर्यभट्ट के योगदान का वर्णन कीजिए। 2

25 जनसंख्या पर नियंत्रण करना क्यों आवश्यक है? 4

**अथवा**

बढ़ती जनसंख्या द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है। स्पष्ट कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

इस प्रश्न–पत्र में **29** प्रश्न [खण्ड 'क' (**21**) + खण्ड 'ख' (4) + खण्ड 'ग' (4)] तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं.** **65/ASS/3**

**SET/सेट** **C**

# HINDI
# हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ______________________

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) **1.** ______________________

**2.** ______________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न –पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र का कोड नं. **65/ASS/3, सेट–C** लिखें।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश :**

**(i)** इस प्रश्न–पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

**(ii)** खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।

**(iii)** खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

**(iv)** खण्ड 'क' **85** अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **15** अंकों का है।

## खण्ड – 'क'

1 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) बिहारी के पठित दोहे के आधार पर लिखिए कि कवि ने क्यों कहा है कि ईश्वर भी आम आदमी की तरह हो गया है?

(ख) रैदास के पद 'नरहरि! चंचल है मति मेरी' के आधार पर लिखिए कि वह स्वयं को ईश्वर की भक्ति करने में असमर्थ क्यों पाते हैं?

(ग) 'मैं नीर भरी दुख की बदली' कविता के आधार पर लिखिए कि बदली के आकाश मार्ग से चले जाने के बाद क्या शेष रह जाता है और वह हमें पृथ्वी पर किस रूप में दिखाई देता है?

2 'कठपुतली' कविता **अथवा** 'रैदास के पद जिह कूल साधू बैसनौ होइ' का केंद्रीय भाव **30-40** शब्दों में स्पष्ट कीजिए। **2**

3 (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

सखी म्हारी नींद नसाणी हो।
पिय रो पंथ निहारत सब रैण विहाणी हो। टेक॥
सखियन सब मिल सीख दयाँ मण एक णा मानी हो।
बिन देख्याँ कल ना पड़ाँ मण रोस णा ठानी हो।
अंग खीण व्याकुल भयाँ मुख पिय पिय बाणी हो।
अंतर वेदन बिरह री म्हारी पीड़ णा जाणी हो।
ज्यूँ चातक घणकूँ रटै, मछरी ज्यूँ पाणी हो।
मीरा व्याकुल बिरहणी, सुध बुध बिसराणी हो॥

**अथवा**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

वह तोड़ती पत्थर,
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर –
वह तोड़ती पत्थर।
कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन प्रिय, कर्म–रत मन
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार–बार प्रहार–
सामने तरु–मल्लिका अट्टालिका, प्राकार।

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : **2**

सपनेहुँ दोस कलेसु न काहू।
मोर अभाग उदधि अवगाहू।
बिनु समझें निज अघ परिपाकू।
जारिउँ जायँ जननि कहि काकू।
हृदय हेरि हारेउँ सब ओरा।
एकहि भाँति भलेहिं भल मोरा।
गुरु गोसाईं साहिब सिय रामू।
लागत मोहि नीक परिनामू।

**4** निम्नलिखित पंक्तियों में निहित छंद और अलंकार लिखिए : **2**

जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारो लगै, बढ़ै अँधेरो होय।

**5** संत काव्य की विशेषताएँ लिखिए। **2**

**6** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग **40-40** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) बाँस के पेड़ और ठूँठ पेड़ के माध्यम से कन्हैयालाल 'मिश्र' ने क्या संदेश दिया है?

(ख) 'कठिन परिस्थितियों, मुसीबतों से भागना उनसे बचने का उपाय नहीं है। संघर्ष कर उन्हें पराजित करना ही जीवन का लक्ष्य है।' अनुराधा कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए।

(ग) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' कहानी दो पीढ़ियों के संघर्ष की कहानी है। स्पष्ट कीजिए।

**7** 'सड़क का आदमी' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए कि राघव सरकार दृढ़ संकल्प वाले व्यक्ति थे। **2**



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

8 (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

नाम इसलिए बड़ा नहीं है कि वह नाम है। वह इसलिए बड़ा होता है कि उसे सामाजिक स्वीकृति मिली होती है। रूप व्यक्ति–सत्य है, नाम समाज–सत्य है। नाम उस पद को कहते हैं, जिस पर समाज की मुहर लगी होती है, आधुनिक शिक्षित लोग जिसे 'सोशल सैक्शन' कहा करते हैं। मेरा मन नाम के लिए व्याकुल है, समाज द्वारा स्वीकृत, इतिहास द्वारा प्रमाणित, समष्टि – मानव की चित्त – गंगा में स्नात।

**अथवा**

सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है। यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिरनिवृत्ति का उपाय ही न कर सके। कोई मनुष्य किसी दुष्ट के नित्य दो–चार प्रहार सहता है। यदि उसमें क्रोध का विकास नहीं हुआ है तो वह केवल आह–उह करेगा जिसका उस दुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं। उस दुष्ट के हृदय में विवेक, दया आदि उत्पन्न करने में बहुत समय लगेगा। संसार किसी को इतना समय ऐसे छोटे–छोटे कामों के लिए नहीं दे सकता।

(ख) पठित पाठ के आधार पर कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' **अथवा** राजेन्द्र यादव की भाषा तथा शैलीगत विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। 2

9 नरपति सिंह द्वारा गोमती को अपनाने की बात कहे जाने पर देवीसिंह की क्या प्रतिक्रिया थी? 1

10 पहुज नदी में कम पानी देखकर नायक सिंह ने क्या निर्णय लिया? 1

11 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-50** शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास में सिर्फ प्राकृतिक परिवेश का ही अंकन नहीं बल्कि वहाँ की संस्कृति, लोकतत्व और विश्वास का भी सजीव चित्र है। सिद्ध कीजिए।

(ख) दलीप नगर का राज्य प्राप्त करने के लिए छोटी रानी ने क्या–क्या षड्यंत्र किए?

(ग) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के आधार पर देवी सिंह का चरित्र–चित्रण लिखिए।

12 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दुविधा हत साहस है, दिखता है पंथ नहीं,
देह सुखी हो पर मन के दुख का अंत नहीं।
दुख है न चाँद खिला शरद–रात आने पर,
क्या हुआ जो खिला फूल रस–वसंत जाने पर?
जो न मिला भूल उसे कर तू भविष्य वरण
छाया मत छूना
मन होगा दुख दूना।
यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया
प्रभुता का शरण बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन
छाया मत छूना
मन होगा दुख दूना।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(1) 'दुविधा हत साहस' से क्या अभिप्राय है? **1**

(2) 'क्या हुआ जो खिला फूल रस–वसंत जाने पर' पंक्ति का क्या भाव है? **1**

(3) जीवन में कवि क्या पाने के लिए दौड़ता फिरा? **1**

(4) काव्यांश में क्या संदेश दिया गया है? **1**

(5) काव्यांश में प्रभुता को क्या बताया गया है और क्यों? **1**

**13** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6+5=11**

हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी होती है, लोकतत्व का अभाव। वे जिंदगी से दूर होती हैं। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरीफ़ाई किया जाता है। दुख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके। और 'तीसरी कसम' की खास बात यह थी कि वह दुख को भी सहज स्थिति में, जीवन–सापेक्ष प्रस्तुत करती है। शैलेंद्र सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए भी यश और धन–लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी जिंदगी में थी वही उनके गीतों में थी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

(i) हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी क्या है?

(ii) फ़िल्मों में दुखद स्थितियों को भी ग्लोरीफ़ाई क्यों किया जाता है?

(iii) तीसरी कसम फिल्म की प्रमुख बात क्या थी?

(iv) शैलेंद्र के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता क्या थी?

(v) शैलेंद्र के गीतों की क्या विशेषता थी?

(vi) 'व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।' आशय स्पष्ट करें।

(vii) उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए –

– प्रक्रिया

– पराजित

(viii) विलोम शब्द लिखिए –

– पराजित

– सापेक्ष

(ix) वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन–लिप्सा से कोसों दूर थे। (संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए।)

(x) उपर्युक्त गद्यांश से दो तत्सम शब्द छाँटकर लिखिए।

(xi) 'चित्रांकन' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

14 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(क) निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए : **1**

जल मृदा और वायु आदि में भी प्रदूषण बढ़ा है

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए : **1**

(i) मौन कविता के माध्यम से निरालाजी क्या संदेश देना चाहते हैं?

(ii) पिताजी बाज़ार गया है।

(ग) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए : **1**

जीवन शैली, पत्र–पत्रिकाएँ

(घ) निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए : **1**

आपे से बाहर होना

(ङ) निम्नलिखित वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए – **1**

राम से सोया जाता है।

15 प्रतिवेदन लिखने के कारणों को स्पष्ट कीजिए तथा होली के अवसर पर साहित्यिक संस्था 'परिमल' द्वारा आपके क्षेत्र में आयोजित कवि सम्मेलन पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश का एक–तिहाई शब्दों में सार लिखिए तथा उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए :

केक, बिस्कुट और चिप्स आदि अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड ज्यादा खाना दिमाग की ताकत पर असर डालता है। यह डिकेंशिया (भूलने की बीमारी) का खतरा भी बढ़ा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह सबसे नुकसानदायक नाशता जो संज्ञात्मक क्षमता पर असर डालता है। मध्य आयुवर्ग के वयस्कों पर हुए अध्ययन के अनुसार जिनके आहार का तीन चौथाई हिस्सा अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड से युक्त होता है, उनका दिमाग दूसरों की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक तेजी से घटता है। हमारा शरीर दर्द व सूजन में खास भूमिका निभाने वाला एक प्रोटीन साइटोकिंस बनाता है। यह सब तेजी से बनता है, जब हम ज्यादा मात्रा में मीठी चीजें खाते हैं। केक, बिस्कुट व पेस्ट्री आदि अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड में दूसरे खाने की तुलना में ज्यादा चीनी, नमक व वसा होती है। पश्चिमी आहार पैटर्न पर आधारित यह भोजन–शैली संज्ञात्मक क्षमता प्रभावित करने वाले कारकों में कमी लाती है।

16 निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों का निबंध लिखिए : **8**

- और भी खेल हैं क्रिकेट के सिवाय
- नगरों में बढ़ती प्रदूषण की समस्या
- परिश्रम का कोई विकल्प नहीं
- यात्रा जो भुलाये नहीं भूलती

17 निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव पल्लवन कीजिए : **3**

(i) परोपकार ही सच्चा धर्म है

(ii) जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

18 'जब अचानक नदी में आई बाढ़ में मैं फँस गया/गई।' इस विषय पर आधारित अपने अनुभव को लगभग चालीस शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए। 2

19 निम्नलिखित घटना को आधार बनाकर शहर में बढ़ती लूटपाट और ठगी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सहायक आयुक्त पुलिस क.ख.ग. नगर को कार्यालयी पत्र लिखिए। 4

क.ख.ग. नगर के पूर्वी इलाके में एक बदमाश ने जादुई शक्ति से आभूषण दोगुना करने का झांसा देकर एक बुजुर्ग महिला से गहने ठग लिए । आरोपी ने विश्वास दिलाने के लिए पीड़िता को सिक्योरिटी मनी के रूप में नोटो की गड्डी दी। जाँच करने पर थैली के अंदर नोटों की गड्डी के बजाय कागज की रद्दी निकली। पीड़िता 71 वर्षीय निर्मला देवी सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर कुछ काम कर रही थीं तभी एक व्यक्ति आया, उसने कहा कि वह जादुई शक्ति से आभूषणों को दोगुना कर देता है और महिला को ठग लिया।

20 सरकारी कार्यालयों में फाइलों पर टिप्पण लिखने की क्या पद्धति है? 3

**अथवा**

लोक निर्माण विभाग, प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव की ओर से एक परिपत्र तैयार कीजिए जिसमें प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाए जाने संबंधी निर्देश दिया गया हो।

21 एक विद्यालय में कक्षा IX से XII तक की कक्षाओं में पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या इस प्रकार है, इन्हें दंड रेखाचित्र द्वारा प्रस्तुत कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर भी दीजिए। 4

| कक्षा | IX | X | XI | XII |
|---|---|---|---|---|
| लड़कियों की संख्या | 100 | 110 | 90 | 80 |

(i) कक्षा XII में पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या कितनी है?

(ii) सर्वाधिक लड़कियों की संख्या किस कक्षा में है?

## खण्ड – 'ख'
## (सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी)

22 निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं दो के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) ए.बी.सी.

(ii) स्टाफर

(iii) कॉपीराइट/स्वत्वाधिकार

23 (क) ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी से उपभोक्ताओं को सावधान करने हेतु रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसमें किसी दूसरे व्यक्ति को अपने खाते संबंधी जानकारी तथा मोबाइल पर आने वाले ओ.टी.पी. की जानकारी न देने का निर्देश दिया गया हो। 3

(ख) भारतीय सैनिकों ने तवांग क्षेत्र में चीनी सैनिकों को करारा जवाब दिया। इस विवरण पर आधारित किसी दैनिक हिंदी समाचार–पत्र के लिए एक समाचार तैयार कीजिए। 3



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

24 (क) वार्ता से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) संचार माध्यमों के किन्हीं दो उद्देश्यों को लिखिए। 2

25 कम्प्यूटर के आने से समाचार संपादन के क्षेत्र में क्या–क्या परिवर्तन आए हैं? 4

**अथवा**

संचार के क्षेत्र में निजी कंपनियों के प्रवेश से क्रांति सी आ गई है, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सूचना प्रौद्योगिकी का शिक्षा के प्रचार–प्रसार में क्या योगदान है?

## खण्ड – 'ग'
## (विज्ञान की भाषा – हिन्दी)

22 निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं दो के अर्थ स्पष्ट कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) योग

(ii) जीवाश्म

(iii) इंकजैट मुद्रक

23 जनसंख्या पर नियंत्रण करना क्यों आवश्यक है? 4

**अथवा**

बढ़ती जनसंख्या द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया जा रहा है। स्पष्ट कीजिए।

24 (क) इंटरनेट की उपयोगिता को देखते हुए कंप्यूटर के लिए हिंदी भाषा में क्या प्रगति हुई है? 3

(ख) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना किसके द्वारा कब और क्यों की गई? 3

25 (क) वैज्ञानिक दृष्टि की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

(ख) खगोल विज्ञान के क्षेत्र में आर्यभट्ट के योगदान का वर्णन कीजिए। 2



Unnati Educations
9899436384, 9654279279